सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 52 | इंदौर, गुरुवार 04 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## पीएम की मां के अपमान पर एनडीए का बिहार बंद

### पटना में आगजनी, जज की गाड़ी रोकी; समस्तीपुर, बेगूसराय, छपरा, हाजीपुर में नेशनल हाईवे जाम



पटना, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को गाली देने के मामले में NDA का आज गुरुवार को बिहार बंद है। पटना, गयाजी, मुंगेर समेत कई जिलों में इसका असर दिखना शुरू हो गया है। समस्तीपुर, बेगूसराय, छपरा, हाजीपुर में नेशनल हाईवे जाम किया गया है। यहां गाड़ियों की लंबी लाइन लगी हुई है।

पटना के सगुना मोड़ पर आगजनी की गई है। बिहटा में बीजेपी नेताओं ने सड़क जाम की है। छात्रों को लाने जा रही स्कूल बस को वापस लौटा दिया। डाकबंगला चौराहे को कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक कर दिया है। दरभंगा में पार्टी की महिला मोर्चा ने कमान संभाली है। चौक-चौराहों पर प्रदर्शन हो रहा है। सड़क जाम है। इस जाम में फंसी पुलिस, एंबुलेंस और एयरफोर्स की गाड़ी को पार्टी कार्यकर्ताओं ने जाने दिया। बेगूसराय में बंद को सफल बनाने के लिए मंत्री सुरेंद्र मेहता खुद सड़क पर उतरे हैं। सड़क और दुकानें बंद करवाई गईं।

मुंगेर में भी बीजेपी कार्यकर्ता सड़क पर उतरे हैं। शांतिपूर्ण तरीके से बंद कराया जा रहा है। हालांकि, कुछ जगहों पर दुकानें बंद नही हैं। जहानाबाद में बंद को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता रोड रोलर लेकर पहुंच गए। और सड़क को जाम कर दिया। बंद को लेकर कांग्रेस और राजद ऑफिस की सुरक्षा बढ़ाई गई है। पटना में 2 हजार से ज्यादा पुलिस जवान तैनात किए गए हैं।

## रोटी, पराठा, दूध, हेल्थ-लाइफ इंश्योरेंस टैक्स फ्री:GST के अब केवल दो स्लैब 5% और 18%; 22 सितंबर से लागू होंगे बदलाव

# 26 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट

## आठ इंच तक गिर सकता है पानी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने से तेज बारिश का दौर चल रहा है। गुरुवार को 26 जिलों में अति भारी या भारी बारिश की चेतावनी दी है। अगले 24 घंटे के दौरान झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, देवास और सीहोर में अति भारी बारिश होने का अलर्ट है। यहां अगले 24 घंटे में साढ़े 8 इंच तक पानी गिर सकता है।वहीं, भोपाल, गुना, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, उज्जैन, इंदौर, रतलाम, धार, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

अगले तीन दिन तक प्रदेश में तेज बारिश का दौर सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि एक मानसून ट्रफ प्रदेश से गुजर रही है। वहीं, दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन का भी असर है। इस वजह से अगले तीन दिन तक प्रदेश में तेज बारिश का दौर बना रहेगा।

### 25 से ज्यादा जिलों में हुई बारिश

बुधवार को प्रदेश के 25 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। पचमढ़ी, रतलाम-नरसिंहपुर में 1 इंच, इंदौर, खरगोन, भोपाल, ग्वालियर-शिवपुरी में पौन इंच, उज्जैन, दमोह और रायसेन में आधा इंच से अधिक पानी गिर गया। गुना में आधा इंच बारिश हुई। बैतूल, दतिया, छिंदवाड़ा, मंडला, हरदा, सागर, सिवनी, बालाघाट, नर्मदापुरम, शाजापुर, उमरिया समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा। वहीं जबलपुर में बरगी बांध के 9 गेट खोल दिए गए। उमरिया में संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र के जोहिला डैम के तीन गेट, शिवपुरी में अटल सागर बांध मडीखेड़ा के दो, ग्वालियर में तिघरा डैम के 7 जबकि तवा डैम के 5 गेट खोलकर पानी छोड़ा गया।

### प्रदेश में अब तक 39 इंच बारिश

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अब तक 39 इंच बारिश हो चुकी है, जो सीजन की 105 प्रतिशत है। वहीं, अब तक 31.8 इंच बारिश होनी थी। प्रदेश की सामान्य बारिश औसत 37 इंच है। पिछले मानसूनी सीजन में औसत 44 इंच बारिश हुई थी।इस बार बारिश के मामले में गुना सबसे बेहतर है। यहां 58.6 इंच बारिश हो चुकी है। सीजन में 26.4 इंच पानी ज्यादा गुना में गिर चुका है। सबसे कम बारिश वाले 5 जिले इंदौर और उज्जैन संभाग के हैं। इंदौर में सबसे कम 21.4 इंच बारिश हुई है। खरगोन में 22.7 इंच, शाजापुर में 24 इंच, बड़वानी में 24.2 इंच और खंडवा में 24.4 इंच बारिश हुई है।

## धार पीएम मित्रा पार्क के दिल्ली इंटरैक्टिव सेशन में मिले 12 हजार 508 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को नई दिल्ली में मध्य प्रदेश के धार स्थित पीएम-मित्रा पार्क में इंवेस्टमेंट अर्पाच्युनिटीज के इंटरैक्टिव सेशन में कहा है कि हम सब बदलते दौर के साथी हैं। उम्मीदों और अवसरों का विराट क्षितिज हमारे सामने है। अपने सुनहरे भविष्य के निर्माण के लिए निवेश का एक स्वर्णिम अवसर आप सबके सामने है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों से आग्रह किया कि वे बेहिचक मध्यप्रदेश में पूंजी लगाएं। निवेश आपका, बिजनेस आपका, प्रॉफिट भी आपका और सरकार की सभी सुविधाएं भी आपके लिए ही है। पार्क प्रमोशन के दिल्ली सेशन में 12508 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले।

सीएम मोहन यादव ने निवेशकों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आप सभी अपने कारोबार में आगे बढ़ें, आपके व्यापार-व्यवसाय की सफलता की गारंटी हमारी सरकार है। मध्यप्रदेश पूंजी निवेश के लिए देश का मॉडल स्टेट बन रहा है। शीघ्र ही धार के पीएम-मित्रा पार्क का भूमि-पूजन होगा। यह पार्क भारत को विश्व की टेक्सटाइल केपिटल बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। हम मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अभियान अंतर्गत मेक इन इंडिया और विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे।

# एमवाय में चूहे का शिकार हुए दूसरे नवजात की भी मौत

### ◆ मानव अधिकार आयोग ने दिया नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के सबसे बड़े सरकारी एमवाय अस्पताल के एनआईसीयू में भर्ती एक और नवजात की बुधवार को मौत हो गई। चूहों ने सोमवार को उसके हाथ-पैर कुतरे थे। इससे पहले मंगलवार को भी एक नवजात बच्ची ने दम तोड़ दिया था।**

इस मामले में मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने अस्पताल अधीक्षक को पत्र लिखकर एक महीने में जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। इससे पहले चिकित्सा शिक्षा विभाग ने डीन से स्पष्टीकरण मांगा है। इस मामले में दो नर्सिंग ऑफिसर को सस्पेंड कर दिया और अन्य को शोकॉज नोटिस दिया है। मामले की जांच के लिए हाईलेवल कमेटी बनाई गई है। हालांकि, अस्पताल प्रबंधन ने चूहे के काटने से मौत होने की बात से इनकार किया है। डॉक्टर का कहना है कि बच्चे की मौत इंफेक्शन से हुई है। नर्सिंग ऑफिसर और स्टाफ पर कार्वाई से नर्सिंग ऑफिसर्स में आक्रोश है। उनका कहना है कि इसमें सीधे तौर पर उनका कोई दोष नहीं है। जिम्मेदार वरिष्ठों पर कार्रवाई होनी थी, लेकिन हमें निशाना बनाया गया। जिस बच्चे की मौत बुधवार को हुई, वह देवास की रहने वाली रेहाना



का है। परिवार ने बच्चे का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया है। वे शव को लेकर रवाना हो गए। वहीं मंगलवार को जिस बच्चे की मौत हुई थी वह खंडवा के पास एक गांव की रहने वाली लक्ष्मीबाई का है। उसकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आना बाकी है।

### उच्च स्तरीय कमेटी करेगी जांच

नवजात की मौत के मामले में बुधवार को मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने अस्पताल के अधीक्षक को जांच के निर्देश दिए हैं। एक महीने में जांच कर रिपोर्ट सौंपने की बात कही है। वहीं, उच्च स्तरीय जांच कमेटी बनाई गई है। कमेटी में डॉ. एसबी बंसल, डॉ. शशि शंकर शर्मा, डॉ. अरविंद शुक्ला, डॉ. निर्भय मेहता, डॉ. बसंत निगवाल और नर्सिंग ऑफिसर सिस्टर दयावती दयाल शामिल हैं। कमेटी जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपेगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### डिप्टी सीएम बोले- यह गंभीर मामला है, तुरंत कार्रवाई हुई

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि यह गंभीर मामला है, जिसको लेकर तुरंत कार्रवाई हुई है। आमतौर पर पेस्ट कंट्रोल सही समय पर कर दिया जाता तो चूहों नहीं रहते, लेकिन जिस प्रकार से चूहा दिख रहा है इसे साफ है कि पेस्ट कंट्रोल नहीं किया गया। पेस्ट कंट्रोल करने वाली एजेंसी पर एक लाख का जुर्माना लगाया गया है और टर्मिनेट करने का नोटिस दिया गया है। नर्सिंग सुपरिटेंडेंट को हटाया गया है। दो नर्सिंग ऑफिसर को सस्पेंड किया गया है। शिशु रोग विभाग के HOD को नोटिस दिया गया है। लापरवाही करने वाले संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। पुनरावृति ना हो इस बात का ध्यान रखा जाएगा।

# विदेश से इंदौर वेस्ट मैनेजमेंट सीखने आया दल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। लैटिन अमेरिका से चार देशों का एक प्रतिनिधि मंडल इंदौर आया। यह दल स्वच्छता के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे इंदौर नगर निगम के कामों को जानने और समझने के लिए आया है। इस प्रतिनिधि मंडल में ब्राजील, कोलंबिया, इक्वाडोर और ग्वाटेमाला के अधिकारी व विशेषज्ञ शामिल हैं। उन्होंने रेसिडेंसी कोठी में निगमायुक्त शिवम वर्मा से मुलाकात की। निगमायुक्त ने प्रतिनिधि मंडल को इंदौर की स्वच्छता यात्रा, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सेग्रीगेशन, री-सायकलिंग और



वैल्यू एडिशन की प्रोसेस के बारे में डिटेल में जानकारी दी। विदेशी प्रतिनिधियों ने गोवर्धन बायो-सीएनजी प्लांट और ट्रेंचिंग ग्राउंड का भी दौरा किया, जहां शहर से निकलने वाले कचरे से मीथेन गैस बनाकर सीएनजी तैयार की जाती है। उन्होंने इंदौर द्वारा अपशिष्ट मैनेजमेंट में अपनाई गई नए टेक्नीक, सतत विकास की दिशा में किए गए प्रयासों और कचरे से ऊर्जा बनाने की प्रोसेस की सराहना की। लैटिन अमेरिकी दल ने कहा कि इंदौर का स्वच्छता मॉडल विकासशील देशों के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसे वे अपने-अपने देशों में अपनाने पर विचार करेंगे।

## गणेशोत्सव में 56 भोग के महा प्रसाद का वितरण, हर रोज हो रहे भक्तिपूर्ण आयोजन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सिंगापुर ब्रिटिश पार्क फ्रेज वन के कॉलोनीवासियों ने इस वर्ष भी गणेशोत्सव को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। लगातार चार वर्षों से हो रहे इस आयोजन में गणेशोत्सव समिति ने धूमधाम से गणपति बप्पा की स्थापना की। आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता रही भगवान गणेश को अर्पित किया गया 56 भोग का प्रसाद। प्रसाद वितरण के दौरान कॉलोनीवासी और परिवारजन बड़ी संख्या में शामिल हुए और भक्ति-भाव से प्रसाद ग्रहण किया।

**बच्चों की प्रतियोगिताएं, महिलाओं का थीम-पार्टिसिपेशन-** धार्मिक माहौल के साथ-साथ बच्चों के लिए खेल और प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों का उत्साह देखते ही बना। वहीं, महिलाओं ने हर दिन अलग-अलग थीम और ड्रेस कोड में शामिल होकर आयोजन में रंगारंग सांस्कृतिक छटा बिखेरी। समिति सदस्यों ने कहा कि गणेशोत्सव केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भी है। पूरे आयोजन में भक्ति, उत्साह और मिल-जुलकर रहने की मिसाल दिखाई दी।

डोल ग्यारस पर सजे-धजे डोल

## झिलमिलाती झांकियां आकर्षण का केंद्र रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पारंपरिक डोल ग्यारस पर्व पर इंदौर शहर में भव्य चल समारोह निकले। राधा-कृष्ण के सजे-धजे डोल विभिन्न समाजों और मंदिरों से सड़कों पर घूमते हुए दिखाई दिए। राजबाड़ा से लेकर हरसिद्धि तक देर रात तक उत्साह और भक्ति का वातावरण रहा। सायंकालीन कार्यक्रम के दौरान फूलों से सजे डोल में राधा-कृष्ण को विराजित किया। इसके साथ ही झिलमिलाती झांकियां, ढोल-बाजे और बैंड चल समारोह की शोभा बढ़ाई। अखाड़ों के पहलवान करतब दिखाते हुए भी शामिल हुए।**

यह परंपरा होलकर रियासत के समय से चली आ रही है और अब विभिन्न समाजों द्वारा संचालित की जाती है। डोल ग्यारस, जिसे जलझूलनी एकादशी भी कहा जाता है, पर श्रीकृष्ण और वामन अवतार की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। शहर में जूनी इंदौर, ग्वालटोली और मिल क्षेत्र से सबसे अधिक डोल निकले। इनमें सबसे प्राचीन डोल गोपाल मंदिर से निकला।

अशोक नगर, कुमावतपुरा







जूनी इंदौर, सुखलिया, चारभुजा मंडल, पालीवाल समाज, बलाई समाज, कोष्टी समाज, सकलपंच फूलमाली समाज, श्री यादें प्रजापति समाज, राठौर समाज, कुशवाह समाज, नृसिंह मंदिर और चंद्रपाल व्यायामशाला से भी डोल निकाले गए। क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत पंच द्वारा लाल मंदिर से श्रीकृष्ण का डोल निकला गया। भगवान श्री कृष्ण की मुख्य मूर्ति अगर भ्रमण पर भक्तों का हाल जान निकली। उक्त जानकारी पंडित गोपाल पुजारी एवं समाज अध्यक्ष हेमंत चोरमा ने दी।

डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन के विशेष जागरूकता अभियान के तहत

# एक्रोपोलिस कॉलेज में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन, महिला बाल विकास विभाग इंदौर एवं एक्रोपोलिस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट्स के वुमन सेल के संयुक्त तत्वाधान में आज एक्रोपोलिस कॉलेज में "महिला उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री रजनीश सिन्हा थे। मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा महिलाओं से संबंधित गतिविधियों एवं कानून जिससे कार्यस्थल पर महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम 2013, shebox, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, वन स्टॉप सेंटर, डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन की विस्तृत जानकारी साझा की। इसके पश्चात डॉ. वंचना सिंह परिहार ने विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़े प्रमुख कानूनों, जैसे




घरेलू हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम, दहेज निषेध कानून एवं महिला अधिकारों से संबंधित अन्य विधिक प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि अपने अधिकारों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे आत्मनिर्भर और सुरक्षित रह सकें।

प्रारंभ में डायरेक्टर श्री जे. एल. भंडारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। श्रीमती मधुमति शिरोले, सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग का स्वागत डॉ. संदीप सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. तरुण कुशवाहा ने डॉ. वंचना सिंह परिहार, महिला सशक्तिकरण अधिकारी को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन डॉ. सरिता राणा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कई जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। अंत में प्रो. प्रियंशी तिवारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# सलमान के जनाजे में रील बनाने वालों की जांच शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **कुख्यात गैंगस्टर सलमान लाला के प्रशंसकों पर पुलिस की सख्ती बढ़ सकती है। क्राइम ब्रांच की साइबर टीम ने सलमान लाला से जुड़े 35 सोशल मीडिया अकाउंट्स को चिह्नित किया है। बताया जा रहा है कि इन अकाउंट्स से सलमान की मौत के बाद अफवाहें फैलाई जा रही थीं और माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही थी। इनमें कुछ युवतियों के नाम भी सामने आए हैं।**



31 अगस्त को नया बसेरा निवासी सलमान लाला की मौत तालाब में डूबने से हुई थी। पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए वह भाग रहा था और इसी दौरान तालाब में कूद गया। सलमान और उसका परिवार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है। परिवार के खिलाफ हत्या, चाकूबाजी, लूटमार और अवैध शराब से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच की खुफिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि सलमान की मौत को लेकर उसके समर्थक 1990 के रीगल चौराहे जैसी स्थिति दोहराने की तैयारी कर रहे थे। उस समय भी शक्ति प्रदर्शन के दौरान वाहनों में तोड़फोड़ और पथराव हुआ था। इस बार भी कुछ लोग जनाजे में शामिल न होकर माहौल बिगाड़ने की साजिश रच रहे थे, जिसे पुलिस ने नाकाम कर दिया। सलमान लाला का शव जब घर पहुंचा, तो हजारों लोग जनाजे में शामिल हुए। मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासन मौजूद रहा। पुलिस की निगरानी में ही सलमान को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान उसका भाई गोलू, जिसे जेल से लाया गया था, भी मौजूद रहा। जनाजे के दौरान एबी रोड पर जगह-जगह गाड़ियों की गलत तरीके से पार्किंग से ट्रैफिक प्रभावित हुआ।

## मुंबई में प्रेमिका की हत्या करने वाला इंदौर से पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच ने मुंबई ठाणे के शांतिनगर में प्रेमिका की हत्या के मामले में एक साल से फरार चल रहे आरोपी प्रेमी को पकड़ा है। इस संबंध में इंदौर क्राइम ब्रांच ने ठाणे पुलिस को सूचना दी है। आरोपी यूपी से एक ट्रक में बैठकर इंदौर की तरफ आ रहा था। उसे मंगलवार रात देवास नाके से पकड़ा गया। क्राइम ब्रांच के एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि ठाणे के शांतिनगर इलाके में 24 अक्टूबर 2024 को नीतू सिंह की उसके प्रेमी राजीव सिंह ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में मुंबई पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। वह करीब एक साल से पुलिस को चकमा दे रहा था। महाराष्ट्र के कई जिलों में उसके फोटो वायरल किए गए थे। वहीं, उस पर हजारों रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि महाराष्ट्र से फरार हत्यारा प्रेमी एक ट्रक में बैठकर इंदौर की ओर आ रहा है। इसके बाद देवास नाके पर मुखबिर ने राजीव की पहचान की। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने हत्या की बात कबूल की। इसके बाद ठाणे पुलिस को सूचना दी गई। महाराष्ट्र पुलिस आरोपी को लेने के लिए इंदौर आ रही है। राजीव ने शुरुआती पूछताछ में बताया कि वह अपनी पहचान और हुलिया बदलकर ढाबों और होटलों में रुकता था। इस दौरान वह कई शहरों में फरारी काट चुका है। फिलहाल आगे की कार्रवाई महाराष्ट्र पुलिस करेगी।

## लता मंगेशकर की जन्म जयंती पर राष्ट्रीय अलंकरण सम्मान समारोह सीएम की मौजूदगी में 28 सितंबर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण सम्मान समारोह एवं गीत संध्या का आयोजन 28 सितंबर को इंदौर में होगा। इसे लेकर संभागायुक्त ने बुधवार को अधिकारियों से चर्चा की। संभागायुक्त ने कहा कि स्वर कोकिला लता मंगेशकर के नाम से हर वर्ष आयोजित समारोह इस बार 28 सितंबर को लता मंगेशकर ऑडिटोरियम परस्पर नगर इंदौर में होगा। 28 सितंबर को स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जन्म जयंती है।**



राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण समारोह एवं गीत संध्या का आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण समारोह एक वर्ष संगीत निर्देशन एवं दूसरे वर्ष पार्श्व गायन के क्षेत्र में दिया जाता है। इस क्रम में वर्ष 2024 के लिए यह सम्मान प्रसिद्ध संगीत निर्देशक शंकर-एहसान-लॉय को दिया जाएगा। वर्ष 2025 के लिए पार्श्व गायन के क्षेत्र में यह सम्मान प्रसिद्ध पार्श्व गायक सोनू निगम को दिया जाएगा। अलंकरण के बाद पार्श्व गायक अंकित तिवारी एवं उनकी टीम प्रस्तुति देगी। संभागायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण समारोह एवं गीत संध्या के तहत स्वर कोकिला लता मंगेशकर के जीवन वृत पर केंद्रित एक दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। सुगम संगीत प्रतियोगिता होगी, जिसमें संगीत के क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाएगा। इसी दिन दोपहर को स्थानीय स्तर के संगीत कलाकारों द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम स्थल लता मंगेशकर ऑडिटोरियम पर लाइट, जनरेटर, पीने के पानी की व्यवस्था के साथ ही बुनियादी सुविधाएं, स्वच्छता, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहेंगी। पार्किंग की विशेष व्यवस्था की जाए।

पिछले दिनों मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग ने वर्ष 2024 और 2025 के लिए देश के 8 प्रमुख राष्ट्रीय सम्मानों की घोषणा की। इसमें फिल्म, संगीत, तकनीक, हिंदी साहित्य और सामाजिक सेवा से जुड़ी विभूतियों और संस्थाओं को चयनित किया गया है। यह सम्मान राज्य की ओर से देश और विदेश में कला, भाषा और समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को दिया जाता है। इस बार प्रतिष्ठित राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान वर्ष 2024 में गीत लेखन के लिए प्रख्यात गीतकार और सेंसर बोर्ड प्रमुख प्रसून जोशी और वर्ष 2025 में निर्देशन के लिए चर्चित फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली को दिया जाएगा। वहीं राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान वर्ष 2024 लोकप्रिय संगीतकार जोड़ी शंकर-एहसान-लॉय और वर्ष 2025 का सम्मान सुरों के सम्राट सोनू निगम को मिलेगा। समारोह 28 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर रोशन राय, संस्कृति संचालनालय भोपाल के एनपी नामदेव, आईडीए सीईओ आरपी अहिरवार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## अनवर कादरी अब 8 सितंबर तक पुलिस रिमांड पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। लव जिहाद फंडिंग मामले में आरोपी अनवर कादरी से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। बुधवार को पुलिस का कादरी का 8 सितंबर तक का पुलिस रिमांड मिला है। यानी पांच दिन और वह पुलिस रिमांड पर रहेगा। पुलिस को उससे कई ओर जानकारी निकालना है। लव जिहाद फंडिंग मामले में आरोपी अनवर कादरी से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। पूछताछ में अनवर से कई बातों का खुलासा हुआ है, लेकिन अभी भी कई बातें है जो सामने आना बाकी है। पूछताछ में ये बात सामने आई थी कि अनवर ने अपना एक मोबाइल तोड़ दिया था। पुलिस उस टूटे मोबाइल की तलाश में नागपुर जाएगी। पुलिस को आशंका है कि इसमें कुछ डेटा मिल सकता है।

लव जिहाद फंडिंग मामले में पुलिस ने अनवर कादरी के खिलाफ केस दर्ज किया था। एफआईआर होने के बाद से ही अनवर फरार हो गया था। वह इंदौर से भागकर नेपाल पहुंच गया था। जहां पर वह फरारी काट रहा था। कुछ दिनों पहले ही वह नेपाल से वापस इंदौर आया और कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। अनवर कादरी के कोर्ट में सरेंडर करने बाद कोर्ट ने 3 सितंबर तक का पुलिस रिमांड दिया था। बुधवार को पुलिस सुबह ही कादरी को कोर्ट लेकर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि दस मिनट में वहां से साइन कराकर वापस भी ले गई। कोर्ट ने अनवर कादरी का 8 सितंबर तक का पुलिस रिमांड दिया है। यानी पांच दिन ओर पुलिस अनवर से पूछताछ करेगी, जिसके बाद उसे फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा।


पारिवारिक विवाद और बेरोजगारी के कारण

## दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **पारिवारिक विवाद और बेरोजगारी के कारण दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। दोनों ही मामलों में पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण जांच में ले लिए हैं।**

पहला मामला तुकोगंज थाना क्षेत्र का है। 40 वर्षीय नरेश पुत्र लालचंद शाक्यवार ने मंगलवार रात अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली। वह पेंटर था। मां ने उसे फंदे पर लटका देखा और आसपास के लोगों-रिश्तेदारों को सूचना दी। परिजन उसे लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचे थे। आत्म हत्या की वजह पारिवारिक कलह बताई जा रही है। नरेश की पत्नी करीब छह माह पहले मायके परदेशीपुरा



चली गई थी और वापस नहीं आ रही थी। काम को लेकर नरेश से उनकी कहासुनी होती थी। परिवार ने बताया कि नरेश की शादी को करीब 12 साल हो गए हैं। उसका 10 साल का बेटा है, जो पत्नी के साथ ही रहता है। उधर, परदेशीपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत फिरोजगांधी नगर निवासी 26 वर्षीय साहिल पुत्र शंकरलाल सोनी ने मंगलवार रात करीब 1 बजे अपने घर में फांसी लगा ली। वह सोने का कहकर कमरे में गया था। देर रात मां ने उसका शव फंदे पर लटके देखा। साहिल के पिता नहीं हैं। मां और भाई प्राइवेट नौकरी करते हैं। साहिल बेरोजगार था। पुलिस के मुताबिक जॉब नहीं होने के चलते साहिल ने इस तरह का कदम उठाया है। मौके से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## 15 दिन तेज बारिश के आसार

**इंदौर**। बुधवार को कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। हालांकि कुछ क्षेत्रों में मौसम साफ भी है। मंगलवार को इंदौर में 0.04 मिमी बारिश दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 28.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से एक डिग्री कम था, वहीं न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1 डिग्री अधिक था। मौसम विभाग के अनुसार कल से एक सिस्टम एक्टिवेट हो रहा है, जिससे 15 दिन अच्छी बारिश के आसार है। बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम बन रहा है, जो आगे चलकर इंदौर में भी बारिश करेगा। 4 सितंबर से यह सिस्टम असर दिखाएगा।

## मंत्री श्री सिलावट ने दो बच्चों की डूबने से हुई दु:खद मृत्यु पर व्यक्त किया शोक

### पीड़ित परिजनों को मिलेगी चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र में दो बच्चों की डूबने से हुई मृत्यु पर उनके निवास पर परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया है। मंत्री श्री सिलावट ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने



की प्रार्थना की है। उन्होंने बताया कि घटना में मृत हुए दोनों बच्चों पटेल नगर रेवती सांवेर के प्रिन्स पिता मुकेश दिवनिया उम्र (14) वर्ष तथा शिवराज तंवर उम्र (15) वर्ष पिता श्री मोती सिंह के परिजनों को शासन द्वारा चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से दुखद घटना के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं शासन पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# युवा नौकरी पाने वाले नहीं, रोजगार प्रदान करने वाले बनें : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय में आरंभ होंगे रोजगारपरक पाठ्यक्रम और विद्यार्थियों को मिलेगी बस सुविधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में शिक्षा के बदलते दौर में सभी विश्वविद्यालयों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के बेहतर भविष्य की संभावनाओं के लिए दुनिया में मिसाल कायम कर रहे हैं।**



वे दिन गए जब भारत किसी बड़े देश के पीछे चलकर पहचान बनाता था। हमें गर्व है कि आज भारत किसी पर निर्भर नहीं है। भारत के बदलते समय का विश्वविद्यालय के छात्र पूरा उपयोग करें। हमारे युवा बेहतर तकनीक का उपयोग करते हुए देश को आगे ले जाने का सपना देखें और उसे पूरा करने के लिए परिश्रम करें। राज्य सरकार विश्वविद्यालयों के छात्रों के साथ है। हमारे युवा नौकरी पाने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें। सरकार हर संभव सहायता और प्रशिक्षण उपलब्ध करा रही है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कृषि संकाय की पढ़ाई शुरू की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय में सभी नए रोजगारपरक पाठ्यक्रम आरंभ करने और विद्यार्थियों को आवागमन के लिए निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय परिसर में 55 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले आईटी रिसोर्स सेंटर, स्टूडियो, कन्वेंशन हॉल और इंक्यूबेशन सेंटर तथा एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट व कन्या छात्रावास का भूमिपूजन कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएम उषा परियोजना के भूमिपूजन और दीक्षारंभ कार्यक्रम में गणपति बप्पा मोरया के जयघोष एवं सरस्वती माता को नमन करते हुए अपना संबोधन आरंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल के सभी क्षेत्रों को विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। भोपाल में मेट्रो की शुरुआत होने वाली है। इसके साथ भोपाल के पास मेट्रो और अत्याधुनिक रेल कोच निर्माण के लिए बीईएमएल की इकाई का भूमि-पूजन हो चुका है। भारतीय रेल के हाईस्पीड कोच भी इस कारखाने में बनाए जाएंगे। भोपाल को पर्यटन के क्षेत्र में भी एक बड़ी सौगात मिलने वाली है। अब बड़ी झील में कश्मीर की तर्ज पर शिकारे चलाए जाएंगे। भोपाल से इंदौर, जबलपुर और रीवा के लिए नए ग्रीन फील्ड हाइवे तैयार किए जा रहे हैं। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में बदलाव का बीड़ा उठाया है। पूर्व में उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने जिस विजन से कार्य किया, उसके सुखद परिणाम अब सामने आने लगे हैं। राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित हैं। प्रदेश में गरीब और पिछड़े छात्रों के लिए सर्व सुविधायुक्त सांदीपनि विद्यालय और पीएम एक्सीलेंस कॉलेज बनाए जा रहे हैं। भविष्य में शिक्षा क्षेत्र को नई ऊंचाइयां प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार ने दो बड़े निर्णय किए हैं।

# मौसी को मारकर लाश से किया रेप, संदूक में डाला शव...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मैहर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के मैहर में एक महिला की सनसनीखेज हत्या का खुलासा पुलिस ने 48 घंटे में कर दिया है। इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाला कोई और नहीं, बल्कि उसका भतीजा निकला। आरोपी ने पहले मौसी की हत्या की। फिर उसके शव के साथ दुष्कर्म किया। बाद में उसके शव को एक बॉक्स में छिपा दिया। जिला पुलिस ने 48 घंटे में दुष्कर्म-चोरी के बाद गला दबाकर हत्या के मामले का खुलासा कर दिया है। इसमें 55 हजार के जेवर बरामद किए गए हैं। जिले में हुई महिला की अंधी हत्या के मामले ने सभी को दहला दिया था। चौंकाने वाली बात यह रही कि मृतिका का अपना भतीजा ही दरिंदेपन की हदें पार कर हत्या का जिम्मेदार निकला। 31 अगस्त को सुरेश चौधरी ने अपनी बहन अनीता चौधरी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जांच के दौरान जब घर का ताला तोड़ा गया तो अंदर बक्से के पास खून के निशान और बदबू मिली। बक्सा खोलने पर महिला का शव मिला, जिसके सिर पर गहरी चोटें थीं। मामला गंभीर देख पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देशन पर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने मृतिका के करीबी रिश्तेदारों पर फोकस किया। पूछताछ में संदेही किशन चौधरी (22 वर्ष), निवासी तिघरा, थाना सभापुर, ने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपित ने बताया कि 28 अगस्त की रात मौसी को अकेला देख उसने लोहे की रॉड से वार कर बेहोश किया, फिर दुष्कर्म कर गहनों और नगदी की चोरी की तथा गला दबाकर हत्या कर शव को बक्से में बंद कर फरार हो गया।

## बालाघाट डीएफओ के सनसनीखेज आरोप

'विधायक ने रेस्ट हाउस में बुलाकर कहा

# दो-तीन पेटी की व्यवस्था करो, गालियां देकर ट्रांसफर की धमकी'





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी। सोनेवानी कंजर्वेशन रिजर्व में बिना प्रोटोकाल बाघिन का शव जलाने के मामला ने जनप्रतिनिधि और वन अधिकारी के बीच तनातनी बढ़ा दी है। वन मंडल अधिकारी (उत्तर) नेहा श्रीवास्तव ने बालाघाट से कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे पर दो लाख रुपये की व्यवस्था करने, गालियां देकर ट्रांसफर करने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है।**

डीएफओ ने विभाग के शीर्ष अधिकारियों को इस संबंध में पत्र भी लिखा है। विधायक ने डीएफओ द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने आरोपों को गंभीर मानते हुए डीएफओ पर मानहानि का दावा करने की बात कही है। मीडिया से चर्चा में डीएफओ नेहा श्रीवास्तव ने सिर्फ इतना कहा कि उन्हें 16 अगस्त को विधायक ने वन विभाग के रेस्ट हाउस बुलाया था। कमरा नंबर-एक में उनसे मिली थी। वहां जो घटनाक्रम हुआ, उस संबंध में मैंने विभाग के प्रमुख अधिकारियों को पत्र से अवगत कराया है। नेहा श्रीवास्तव ने शिकायती पत्र में 16 अगस्त के पूरे घटनाक्रम को बताय। इसमें उन्होंने लिखा है- 16 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश के दिन विधायक अनुभा मुंजारे ने फारेस्ट रेस्ट हाउस में मिलने बुलाया गया। वहां विधायक ने मुझसे सीधे 'दो-तीन पेटी' (लाख) की अवैध मांग की। विधायक ने मुझसे व्यक्तिगत रूप से भिड़ने लगीं। पैसों की मांग पूरी करने से मना करने पर विधायक ने शत्रुतापूर्ण व्यवहार किया। मेरे और मेरे परिवार के लिए आपत्तिजनक भाषा इस्तेमाल की। मुझे देख लेने और जिले से ट्रांसफर कराने की धमकी दी। दबाव बनाने के लिए भोपाल मुख्यालय में हड़ताल और धरना देने की धमकी दी।

# लाखों का वेतन और 'राष्ट्रपिता-राष्ट्रपति' का सही नाम तक नहीं लिख पाए

## सरकारी स्कूल के 'मास्साब, मास्टरनी' जी...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी। मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को लेकर एक और खुलासा हुआ है। इस दफा सागर जिले के देवरी विकासखंड की स्कूलों के शिक्षकों के शिक्षा का स्तर सामने आया है। वे राष्ट्रपिता और राष्ट्रपति का नाम भी लिखना नहीं जानते हैं। मामला सामने आने के बाद अब विभाग कार्रवाई की तैयारी में है।**



सरकारी शिक्षक को हर महीने लाखों रुपए वेतन मिलता है, लेकिन उनकी शिक्षा और ज्ञान का स्तर कितना है? विभाग ने कभी यह जानने का प्रयास ही नहीं किया। अब मामले सामने आ रहे हैं। नया मामला सागर जिले से सामने आया है। देवरी विकासखंड में कुछ शालाओं की हालत ऐसी है कि यहां बच्चों से विद्यालय का नाम पूछ लो तो जीभ और कलम दोनों अटक जाती हैं। जब बात आती है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लिखने की तो बच्चों के साथ-साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं की भी हालत बगैर नेटवर्क के मोबाइल जैसी हो जाती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर सरकारी स्कूलों में बच्चों का भविष्य बनाने वाला शिक्षकों का खुद का स्तर किस स्तर का है। देवरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चिरचिटा सुखजू के गांव नरानपुर के शासकीय प्राथमिक शाला में बच्चों को अपनी स्कूल का नाम न वे लिख पाए न बता पाए! शाला प्रभारी मंजू बाई कुर्मी से बोला की, आप ब्लैक बोर्ड पर विद्यालय का नाम लिखकर बताएं। जब मैडम ब्लैक बोर्ड पर विद्यालय का नाम लिखने पहुंची मंजू बाई कुर्मी भी विद्यालय का नाम लिख कई बार के प्रयास के बाद सही लिख पाई। इसके बाद शाला प्रभारी मंजू बाईकुर्मी से राष्ट्रपिता का नाम ब्लैकबोर्ड पर लिखने को कहा तो सही लिख दिया, लेकिन राष्ट्रपति लिखने की बारी आई तो कुछ सही तो कुछ गलत लिखकर ही काम चला दिया। यहां तक की एक भी बच्चा राष्ट्रपति नाम सही ढंग से नहीं लिख पाया। ग्रामीण इनकी टाइमिंग को लेकर नाराज हैं। आरोप है कि वे रोजाना 12 बजे के बाद ही स्कूल आती हैं। वे स्कूल में सो भी जाती हैं।

# चांदी की पालकी पर निकले भगवान काल भैरव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** बुधवार को डोल ग्यारस पर इंदौर-उज्जैन समेत कई शहरों में डोल निकाले जा रहे हैं। डोल के साथ में झांकियां भी हैं। बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन में शामिल हैं। बुधवार को डोल ग्यारस पर शाम चार बजे से भैरवगढ़ क्षेत्र स्थित बाबा महाकाल के सेनापति श्री काल भैरव मंदिर से बाबा काल भैरव की सवारी राजसी वैभव के साथ धूमधाम से निकली। सवारी निकलने के पहले कलेक्टर और एसपी ने काल भैरव की प्रतिमा का पूजन आरती कर पालकी को कंधा लगाकर सवारी को आगे बढ़ाया। भगवान काल भैरव का पूजन कर सिंधिया एस्टेट की ओर से आई नई लाल पगड़ी धारण कराई गई।



## संपादकीय

### यात्रा के दौरान महागठबंधन की जो एकजुटता नजर आई, क्या वो अपनी रफ्तार कायम रख पाएगी?

इंडिया गठबंधन की बिहार में 16 दिन की वोटर अधिकार यात्रा 1 सितंबर को पटना में समाप्त हो गई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चली यात्रा बिहार के 25 जिलों से होकर गुजरी। इस दौरान यह यात्रा राजद नेता तेजस्वी यादव, भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के साथ 1300 किलोमीटर की दूरी तय की। यात्रा के समापन पर पटना में राहुल गांधी ने मंच से जनसभा को संबोधित करते हुए 'वोट चोर, गद्दी छोड़'। भीड़ की तरफ से यह नारा तेज ध्वनि में दोहराये जाने पर राहुल गांधी कहते हैं-'ये नारा चल गया' बिहार के 243 विधानसभा क्षेत्रों में से 100 से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों से गुजरने वाली इस यात्रा ने इस साल नवंबर में होने वाले बिहार चुनावों से पहले राजद के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन की स्थिति को मज़बूत किया है। सवाल है इस यात्रा के दौरान महागठबंधन की जो एकजुटता नजर आई, क्या वो अपनी रफ्तार कायम रख पाएगी? इस सवाल पर तेजस्वी यादव कहते हैं कि इसकी चिंता करने की जरुरत नहीं है, हम इस पर काम कर रहे हैं। लेकिन एक सवाल अब भी पूछा जा रहा है कि इस यात्रा का हासिल क्या रहा? इस सवाल का जवाब जानने से पहले छोड़ा पीछे चलते हैं। कांग्रेस 1990 में बिहार में राजनीतिक रुप से विलुप्त हो गई थी, और लालू प्रसाद यादव सत्ता में आए। 2000 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को सिर्फ़ 23 सीटें मिलीं। बाद में, पार्टी लालू के नेतृत्व वाले राजद के साथ गठबंधन में शामिल हो गई। 2015 के चुनावों में देश की सबसे पुरानी पार्टी का प्रदर्शन बेहतर हुआ जब जदयू सुप्रीमो और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महागठबंधन में शामिल हुए। उस समय कांग्रेस ने 27 सीटें हासिल कीं। हालांकि, 2020 के चुनावों में, जब नीतीश एनडीए में वापस आए तब कांग्रेस 70 सीटों पर चुनाव लड़ी और केवल 19 सीटें ही जीत पाई, जबकि उसकी सहयोगी राजद 75 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। एनडीए 125 सीटें जीतकर सत्ता में लौटी, जबकि महागठबंधन को 110 सीटें मिलीं। महागठबंधन की इस मामूली हार के लिए कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन को जिम्मेदार माना गया। इंडियन एक्सप्रेस के सीनियर जर्नलिस्ट संतोष सिंह राहुल गांधी की इस यात्रा पर कहते हैं, कांग्रेस ने दरभंगा, मधुबनी और अररिया जैसे राजद के गढ़ों सहित कई मुस्लिम बहुल निर्वाचन क्षेत्रों में भी बढ़त हासिल की। राज्य में कांग्रेस का पतन 1989 के भागलपुर दंगों से निपटने में कथित विफलताओं के बाद शुरु हुआ, जिसके कारण मुस्लिम मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग जनता दल और बाद में राजद की ओर चला गया। 1990 में अपने पहले कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री बनने के बाद, लालू राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रमुख नेता बन गए। संतोष सिंह कहते हैं कि राहुल गांधी द्वारा अपनी वोटर अधिकार यात्रा शुरु करने से पहले कांग्रेस को महागठबंधन की 'कमज़ोर कड़ी' कहा जाता था। लेकिन, राज्य भर में इस यात्रा में भारी भीड़ जुटने के साथ, कांग्रेस को बढ़त मिली क्योंकि यह मुख्य रुप से राहुल के नेतृत्व में पार्टी का प्रदर्शन था। निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार चुनाव में एनडीए के चुनाव प्रचार की कमान संभालने वाले हैं। ऐसे में, प्रधानमंत्री मोदी के अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर मुकाबला करने के लिए राजद राहुल पर ज़्यादा निर्भर होगी।

## OSHO कहिन

**"जब तुम अपनी इच्छा छोड़ देते हो, तभी तुम सच्चे रास्ते पर चल सकते हो।"**



## धर्म-कर्म

# कब मनाई जाएगी अनंत चतुर्दशी?

### बप्पा के विसर्जन पर इन चीजों का करें दान, बरसेगी कृपा!



अनंत चतुर्दशी (6 सितंबर, 2025) के दिन गणपति बप्पा की विदाई के साथ गणेशोत्सव का समापन हो जाएगा. इस दिन अगर बप्पा के विसर्जन के बाद कुछ विशेष चीजों का दान किया जाए तो सालभर भगवान गणेश का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा.

गणेश चतुर्थी का पर्व भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाता है. गणपति बप्पा की 10 दिनों तक घर में पूजा अर्चना करने के बाद, अंतिम दिन उनकी विदाई का समय होता है, जिसे गणेश विसर्जन कहते हैं.हिन्दू धर्म में गणेश विसर्जन का अत्यधिक धार्मिक महत्व है. माना जाता है कि गणपति अपने साथ भक्तों के दुखों को लेकर जाते हैं और उनके जीवन को खुशहाली से भर देते हैं.साथ ही विसर्जन का भी खास महत्व होता है. उज्जैन के आचार्य आनंद भारद्वाज के अनुसार, इस दिन बप्पा की विदाई के बाद कुछ विशेष वस्तु का दान किया जाए. तो सालभर भगवान गणेश का आर्शीवाद बना रहता है. और कुंडली मे भैठे अशुभ ग्रह भी शुभ फल प्रदान करते है.

### इस मुहूर्त में करें बप्पा की विदाई

**शुभ चौघड़िया: प्रातः 7:36 मिनट से 9:10 मिनट तक**

**लाभ चौघड़िया: दोपहर 1:54 मिनट से 03:28 मिनट तक**

**अमृत चौघड़िया:दोपहर 3:29 मिनट से 05:03 मिनट तक**

**लाभ चौघड़िया: सायं 6:37 मिनट से 08:03 मिनट**

### आर्थिक स्थिति

आर्थिक तंगी से परेशान है तो, गणेश विसर्जन के दिन चावल, मूंग की दाल, तेल का दान करें. चाहें तो खिचड़ी बनाकर जरूरतमंदों को खिला सकते है. ऐसा करने से अटका हुआ काम पूरा होता है.

### करियर

भगवान गणेश जी महाराज के विसर्जन के बाद बेसन, चने की दाल, केला और पपीता का दान करना चाहिए. ऐसा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं.

### व्यापार

अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान गणेश की विशेष कृपा पाने के लिए हरी वस्तु, मौसमी फल और पान के पत्ते का दान करना बेहद शुभ होता है. साथ ही इससे कुंडली में बुध ग्रह मजबूत होता है.

### भौतिक सुखों के लिए

अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान गणेश की विशेष कृपा पाने के लिए आटा, चीनी, नमक जैसे पर्दाथो का दान करना शुभ रहेगा. इससे शुक्र देव की कृपा मिलती है. और सुख-साधनों की बढ़ोतरी होती है.

Himachal Pradesh

# कुल्लू में भीषण भूस्खलन की चपेट में आए तीन घर, मलबे से निकाले गए चार शव

**शिमला, (एजेंसी)** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में आज बड़ा हादसा हो गया। इन्नर अखाड़ा बाजार इलाके में अचानक हुए भूस्खलन की चपेट में तीन मकान आ गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत-बचाव अभियान शुरू किया।

अब तक मलबे से चार शव निकाले जा चुके हैं, जबकि आशंका जताई जा रही है कि कुछ और लोग मलबे में दबे हो सकते हैं। टीम लगातार राहत कार्य में जुटी हुई है और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। गौर करने वाली बात यह है कि इसी इलाके में बीते दिन भी एक दो मंजिला



इमारत ढह गई थी।

लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र में भूस्खलन का खतरा और बढ़ गया है, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। न सिर्फ हिमाचल प्रदेश बल्कि उत्तर भारत के कई राज्य इस वक्त भयानक बाढ़ की चपेट में हैं। उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और पंजाब में हालात बेहद गंभीर हो चुके हैं।

20 जून से 30 अगस्त तक हिमाचल प्रदेश में बाढ़ की 91, बादल फटने की 45 और बड़े भूस्खलन की 95 घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं। भाखड़ा नांगल डैम लबालब पानी से भरा हुआ है। गोविंद सागर झील खतरे के निशान को पार कर चुकी है। बारिश के रेड अलर्ट ने मनाली की धड़कनें भी बढ़ा दी हैं।

Bihar

पटना में बड़ा सड़क हादसा

## कार ने चलते ट्रक में मारी टक्कर, पांच कारोबारियों की मौत



**पटना, (एजेंसी)** पटना में सड़क हादसे में पांच कारोबारियों की मौत हो गई। घटना बुधवार की देर रात पटना-गया-डोभी फोरलेन स्थित परसा बाजार थाना क्षेत्र के सुइया मोड़ के पास की है। मृतकों की पहचान मृतकों की पहचान राजेश कुमार (कुर्जी), संजय कुमार सिन्हा (पटेलनगर), कमल किशोर, प्रकाश चौरसिया और सुनील कुमार के रूप में हुई है। सभी मृतक कीटनाशक और कृषि से जुड़े उत्पादों के कारोबारी थे। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कार से निकालने में जुट गई। पुलिस का कहना है कि एक्सीडेंट के दौरान सभी शव कार में ही फंस गए। कटर व क्रेन की मदद से शवों को कार से बाहर निकाला गया। पुलिस ने आननफानन में शवों को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया। घटनास्थल पर मौजूद मनेर थानाध्यक्ष मेनका रानी ने बताया कि शवों के पास मिले मोबाइल और कागजात से उनकी पहचान हुई। परिजनों को सूचना दी गई है, जिसके बाद रात में ही परिजन अस्पताल पहुंच गये। मृतक राजेश कुमार के भाई ने बताया कि सभी लोग फतुहा से लौट रहे थे। राजेश कुमार की कीटनाशक और कृषि उत्पादों की एजेंसी है और सभी कारोबारी एक साथ बिहटा-सरमेरा रोड होते हुए पटना वापस लौट रहे थे।

New Delhi

## फ्लाइट में वकील ने हर-हर महादेव के नारे लगाए

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली से कोलकाता जा रही इंडिगो फ्लाइट में सोमवार को नशे में धुत वकील ने हंगामा किया। उसने हर-हर महादेव के नारे लगाए। साथ ही दूसरे पैसेंजर्स से जय श्रीराम बोलने को कहा। घटना की जानकारी बुधवार को सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह घटना 1 सितंबर को IndiGo फ्लाइट 6E 6571 में हुई। विमान करीब 30 मिनट तक पार्किंग बे में खड़ी थी, तभी वकील (जो सीट नंबर 31D पर बैठा था) ने शराब पीकर हंगामा करना शुरू कर दिया। इंडिगो ने बताया कि यात्री को क्रू मेंबर्स ने रोकने की कोशिश की, लेकिन उसने उनके साथ भी बदतमीजी की। दूसरे यात्रियों को भी परेशान किया। एयरलाइन ने कहा,वकील के पास एक बोतल थी जो बाहर से सॉफ्ट ड्रिंक जैसी लग रही थी, लेकिन उसमें शराब भरी थी। जब एक महिला क्रू मेंबर ने उससे सवाल किया तो उसने आपत्तिजनक टिप्पणी की।

Maharashtra

## एक साथ बिगड़ी 170 पुलिसकर्मियों की तबीयत, हुए उल्टी दस्त, ट्रेनिंग सेंटर में खाना बना मुसीबत

**सोलापुर, (एजेंसी)** महाराष्ट्र में सोलापुर शहर के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में फूड प्वाइजनिंग की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। प्रशिक्षण केंद्र के करीब 170 ट्रेनी पुलिसकर्मियों के विषाक्त होने की प्राथमिक जानकारी मिली है।

प्राथमिक जांच में यह आशंका जताई गई है कि यह प्वाइजनिंग सेंटर में बने खाने से हुई है। सभी प्रभावित ट्रेनी पुलिसकर्मियों को तुरंत सोलापुर के सरकारी सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है और फिलहाल उनका इलाज जारी है। इनमें से लगभग 15 लोगों को सलाइन चढ़ाकर अलग वार्ड में उपचार दिया जा रहा है।

सोलापुर के पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में इस समय करीब 1350 प्रशिक्षु पुलिसकर्मी प्रशिक्षण ले रहे हैं। मंगलवार शाम के सेशन में अचानक प्रशिक्षुओं को उल्टी, दस्त और मिचली की शिकायत होने



लगी। इसके बाद एक के बाद एक करीब 170 से अधिक पुलिसकर्मी बीमार हो गए।

सभी प्रभावितों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। कई लोगों की हालत अब स्थिर है। ऐसी जानकारी चिकित्सकों ने दी है। इस घटना से प्रशिक्षण केंद्र में हड़कंप मच गया है और खाद्य विषाक्तता के सही कारण का पता लगाने के लिए जांच शुरू हो चुकी है।

खेल

# जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा नंबर-1 वनडे ऑलराउंडर

### बैटर्स की वनडे, टेस्ट और टी-20 रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं, बॉलर्स में बुमराह टॉप पर

**दुबई। जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा नंबर-1 वनडे ऑलराउंडर बन गए हैं। बुधवार को जारी ICC रैंकिंग में रजा ने अफगानी ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई को पीछे छोड़ा। रजा ने करियर की बेस्ट रेटिंग हासिल की। उनके अब 302 रेटिंग पॉइंट्स हों गए हैं।**

टीम रैंकिंग की बात की जाए तो भारत वनडे और टी-20 में पहले नंबर पर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया टेस्ट में नंबर-1 पर है। बैटर्स की वनडे, टेस्ट और टी-20 के टॉप-10 रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। बॉलर्स की टेस्ट रैंकिंग में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी नंबर-3 पर आ गए हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह पहले नंबर पर बने हुए हैं। टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है।



ऑलराउंडर्स टेस्ट रैंकिंग में रवींद्र जडेजा पहले स्थान पर हैं। वहीं टी-20 में हार्दिक पंड्या टॉप पर बने हुए हैं।

रजा ने दो अफगानी प्लेयर्स को पीछे छोड़ा रजा अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी (292 अंक) और अजमतुल्लाह उमरजई (296 अंक) को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंचे हैं। नबी तीसरे और उमरजई दूसरे पायदान पर हैं। रजा ने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ दो वनडे मैचों की सीरीज में 92 और 59 रनों की नाबाद पारी खेली थी। इस दौरान उन्होंने एक विकेट भी चटकाया था। 39 साल के रजा बल्लेबाजी रैंकिंग में भी नौ स्थान ऊपर चढ़कर 22वें पर चले गए हैं। निसांका ने 7 स्थान की छलांग लगाई जिम्बाब्वे के खिलाफ हरारे स्पोर्ट्स क्लब में दोनों वनडे जीतने के बाद श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने भी रैंकिंग में छलांग लगाई है। पथुम निसांका (654 अंक) बल्लेबाजी रैंकिंग में सात स्थान ऊपर 13वें पर पहुंच गए। उन्होंने सीरीज में 122 और 76 रनों की पारी खेली।

जनिथ लियानागे 13 स्थान चढ़कर 29वें पर पहुंच गए। गेंदबाजी रैंकिंग में असिथा फर्नांडो को 6 और दिलशान मधुशंका को 8 स्थान ला फायदा मिला है।

साउथ अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज नंबर-1 वनडे गेंदबाज हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में चार विकेट लेने के बाद 31 रेटिंग अंकों की बढ़त कुल 690 अंक बना ली। भारत के शुभमन गिल नंबर-1 वनडे बल्लेबाज हैं। उनके 784 अंक हैं।

सिनेमा

## TV के मशहूर एक्टर आशीष कपूर पर लगा रेप का आरोप, पुणे से हुए गिरफ्तार



टीवी इंडस्ट्री से एक शॉकिंग खबर सामने आ रही है। एक्टर आशीष कपूर मुश्किलों में फंस गए हैं। दरअसल, आशीष पर रेप करने का आरोप लगा है। दिल्ली पुलिस ने एक्टर को पुणे से गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अगस्त के दूसरे हफ्ते में दिल्ली में एक हाउस पार्टी हुई थी। इस दौरान आशीष ने वॉशरूम में उनके साथ रेप किया। आशीष कपूर ने अगस्त के महीने में दोस्तों के साथ पार्टी की थी। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की आशीष कपूर से मुलाकात इंस्टाग्राम पर हुई थी। दोनों दोस्त बने थे। पार्टी प्लान हुई थी, जिसमें पीड़िता भी शामिल हुई थीं। एफआईआर में आशीष कपूर, एक्टर का एक दोस्त, दोस्त की पत्नी और दो अज्ञात लोगों के नाम इसमें शामिल किए गए हैं। हालांकि, बाद में पीड़िता ने भी अपना बयान बदल दिया। उन्होंने कहा कि सिर्फ आशीष कपूर ने उनके साथ रेप किया। पीड़िता ने यह भी दावा किया कि घटना की वीडियोग्राफी हुई थी, लेकिन पुलिस को अभी तक ऐसा कोई वीडियो नहीं मिला है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि वॉशरूम से बाहर निकलने पर आशीष कपूर के दोस्त की पत्नी ने उनके साथ पिटाई की. पर पुलिस की ओर से कहना है कि आशीष कपूर के दोस्त की पत्नी ने ही पीसीआर कॉल की थी.बता दें कि आशीष कपूर जाने-माने टीवी सितारे हैं. इन्होंने फिल्मों की दुनिया में भी काफी काम किया है. इसमें 'कुर्बान', 'टेबल नंबर 21', 'इनकार' जैसी फिल्में शामिल हैं. काफी समय से आशीष पर्दे से दूर हैं.

## Highlights

1. What are Indian-Americans doing who voted for Trump: US lawmaker
2. BMC removes 1 lakh kg waste amid Jarange's Maratha quota protest
3. India has deciding vote in 21st century, US must apologise & cut tariffs to zero: US expert
4. Agreement to sell, unproved will doesn't confer title: SC
5. Official not party to arbitration, not valid service: SC

# GST council approves 2-slab structure: What gets cheaper, what gets costlier

**NEW DEIHI, (Agency).** The GST Council on Wednesday approved a major overhaul of the indirect tax regime, replacing the existing four-tier structure of 5, 12, 18, and 28 per cent with a simplified two-rate system of 5 and 18 per cent, while introducing a special 40 per cent slab for select items.

The new rates will come into force from September 22, coinciding with the start of Navaratri.

After a marathon 10.5-hour meeting of the 56th GST Council, Union finance minister Nirmala Sitharaman said all states unanimously backed the rationalisation, which is aimed at easing compliance, lowering costs, and directly benefitting consumers.

Prime Minister Narendra Modi hailed the reform, saying it would improve the lives of citizens, particularly farmers, MSMEs, small traders, and the middle class while also giving a boost to the economy.

What gets cheaper

Individual life and health insurance policies will now attract zero GST, down from 18 per cent. Ultra high temperature, paneer, paratha, roti, pizza bread, khakra and chena are exempt from GST. Butter, ghee, condensed milk, cheese, dry fruits, jams, jellies, confectionery, ice cream, pastry and biscuits, corn flakes, and cereals will now attract 5 per cent GST instead of 12–18 per cent. Fertiliser inputs like sulphuric acid, nitric acid, and ammonia, along with biopesticides and micronutrients, are down to 5 per cent from 12–18 per cent. Agricultural equipment, tractors, threshing, and soil-preparation machinery will also be taxed at 5 per cent. Small cars (petrol <1200cc, diesel <1500cc) and motorcycles up to 350cc will attract 18 per cent GST instead of 28 per cent. Small hybrid cars also benefit. EVs remain at 5 per cent. Everyday items like shampoo, toothpaste, toothbrushes, talcum powder, face powder, soaps, hair oil, tooth powder, feeding bottles, utensils, bicycles, umbrellas, and bamboo furniture have been brought down to 5 per cent.




# Acer bets on Aspire Go 14 AI's affordability, because there's little wow otherwise

**NEW DEIHI, (Agency).** It's been a year, perhaps a bit longer, and it's been a relentless conversation about AI PCs, or computing devices (laptops, tablets and convertibles, running Microsoft's Windows 11) being the future. That conversation however, had been about an ecosystem developed in what architects and designers would call "top heavy". Expensive laptops, much above the ₹1,00,000 price point, showing us the future of artificial intelligence layered on the operating system and apps that we are supposed to use. Precious little has happened with AI PCs at more affordable price points, the HP OmniBook 7 Aero from earlier this summer, a rare example. Acer is attempting to change that with the Aspire Go 14 AI, and the proposition has worked to a large extent. But it does leave me with a distinct feeling, Acer could have done more.




Acer, with the Aspire Go 14 AI (NX.JF5SI.001 is the exact model) that is priced at ₹59,999 and built with a rather impressive spec sheet, is trying to build a new category of mainstream AI PCs. The headline specs include an Intel Core Ultra 5 125H processor with a powerful enough neural processing unit rated at 11 TOPS or trillion operations per second, 16GB memory, 512GB storage and a 14-inch IPS, or in-plane switching display which on a budget laptop is ticking illumination as well as vivid colour checkboxes rather resoundingly. Most specs are on point, but the question really is, how well does this all come together with Windows. It is not as easy as you may imagine, and that is something I encountered soon enough.

There is something about the design that absolutely doesn't tap a premium-ness aspect that many a buyer would aspire for. After all, this is still a lot of money to part with for a laptop that one hopes would be future-proof enough to last a few years. In the sea of slimmer and thinner laptops, the Aspire Go 14 AI is still clinging to a design language most common in a prior generation of laptops.

# पत्नी की नौकरी लगवाने डॉक्टर से करोड़ों की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने राजेंद्र नगर में रहने वाले एक डॉक्टर की शिकायत पर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में 6 से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। डॉक्टर ने मई माह में क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद जांच की गई। मंगलवार देर रात इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।**

क्राइम ब्रांच अधिकारियों के मुताबिक, डॉक्टर सुभाष, निवासी शिवसिटी, की शिकायत पर राकेश पुत्र विजय सुमन, निवासी सिंगापुर ग्रीन व्यू, और उसके अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। डॉक्टर सुभाष का आरोप है कि राकेश और उसके सहयोगियों ने उनकी पत्नी को रेलवे विभाग और आर्कियोलॉजी विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर करीब 1 करोड़ 72 लाख रुपए की ठगी की।डॉ. सुभाष ने बताया कि राकेश ने उनकी पत्नी और रिश्तेदारों से नकद और बैंक ट्रांजैक्शन के जरिए पैसे लिए। आरोपियों ने पत्नी जया और रिश्तेदार उर्मिला व अनिता के नाम पर आर्कियोलॉजी विभाग के नियुक्ति पत्र और परिचय पत्र भी दिए थे। जांच के दौरान क्राइम ब्रांच ने पाया कि सभी दस्तावेज फर्जी हैं। डॉ. सुभाष ने बताया कि उनकी पहचान राकेश सुमन से साल 2018 में इंडेक्स मेडिकल कॉलेज में हुई थी। उस समय राकेश ने खुद को रेलवे विभाग में कार्यरत बताया और उनकी पत्नी जया की रेलवे में नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। सुभाष के मुताबिक, राकेश ने उन्हें रत्ना तिवारी, सीमा तिवारी और उर्मिला तिवारी से मिलवाया, जो खुद को रेलवे की अफसर बताती थीं। इसके बाद उनकी मुलाकात डीके सिंह, लाल बहादुर सक्सेना और मनोज कुर्मी से भी करवाई गई। ये सभी लोग खुद को रेलवे में पदस्थ अधिकारी बताते थे। इन सबके पास फर्जी नियुक्ति पत्र, फर्जी आईडी कार्ड और प्रमोशन ऑर्डर थे। डॉ. सुभाष ने बताया कि हर बार जब भी राकेश सुमन उनसे मिलता, वह किसी न किसी तरह का नया खर्च बताता। कभी नौकरी की प्रक्रिया का खर्च, तो कभी रिश्वत, सीबीआई क्लीयरेंस और यहां तक कि जननी सुरक्षा योजना के नाम पर भी पैसे मांगे गए। आरोप है कि 2018 से लेकर 2024 तक राकेश ने अलग-अलग बहानों से उनसे लाखों रुपए हड़पे। डॉक्टर के मुताबिक, इस रकम में से कुछ पैसे उनकी पत्नी और अन्य रिश्तेदार महिलाओं से भी वसूले गए थे।




## मामा-भांजे स्टूडेंट को इसे सप्लाई करते थे एमडी ड्रग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। खजराना पुलिस ने एक मामा-भांजे की जोड़ी को गिरफ्तार किया है। दोनों शहर में एमडी ड्रग बेचते थे। वह राजस्थान के रास्ते डील कर नशे की खेप लेकर इंदौर आते थे। यहां स्टूडेंट को इसे सप्लाई करते थे। दोनों आरोपियों से 110 ग्राम एमडी ड्रग मिली है। टीआई मनोज सेंधव की टीम को जानकारी मिली थी कि शाहनवाज पुत्र जमशेद अहमद खान जो कि पूर्व में उज्जैन के बेगमबाग में रहता था। अभी खजराना के अहमद नगर में आकर अपने भांजे शाहरुख पुत्र असगर के साथ एमडी बेच रहा है। वह चलते फिरते टोकन बनाकर स्टूडेंट और अन्य लड़कों को देते हैं। टीआई ने एक टीम बनाकर उनकी रैकी करवाई और आरोपियों को दबोच लिया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक